भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।

संख्या 252 /ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18 दिनांक 15 जून,2018

**कार्यालय ज्ञाप**

जनपद उधमसिंहनगर की तहसील किच्छा के ग्राम लॉट नं0 2–कोटखर्रा शान्तिपुरी नं0 4/गौला नदी, **क्षेत्रफल 5.00 हैक्टेयर** उपखनिज क्षेत्र के ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन हेतु प्रथम चरण (ई–निविदा) का परिणाम कार्यालय के आदेश संख्या 181/ई0निवि0सहई0नीला0/परिणाम/हरि0/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 23 मई, 2018 के द्वारा जारी किया गया था, जिसमें निम्नलिखित निविदाकारों को सफल घोषित किया :–

**तालिका – 1**

| क0सं0 | आवेदक का नाम/निवासी | यूनिक आई/बिडर आई0डी0 | आवेदक की वित्तीय बोली |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कवलजीत सिंह कॉन्ट्रेक्टर | M180102125755307 | 1,65,000 टन |
| 2. | श्रीमती प्रिया अग्रवाल | M1801021311045460 | 1,65,000 टन |
| 3. | श्री अजीत सिंह | M171219145919560 | 1,65,000 टन |

ई–निविदा सह ई–नीलामी के द्वितीय चरण (ई–नीलामी) में प्रतिभाग करने हेतु उपरोक्त प्रथम चरण (ई–निविदा) के सफल निविदाकारों को कार्यालय के पत्र संख्या 008_USN_Kotkharra ShantipuriNo.4_GaulaNadi_5.00ha/भू0खनि0ई0/ई0निवि0सह ई0नीला0/2017–18 दिनांक 31 मई, 2018 के माध्यम से ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रण प्रपत्र जारी किया गया, जिसकी सूचना विभागीय वैबसाइट पर अपलोड कर,तथा व्यक्तिगत दूरभाष तथा ई–मेल आदि के द्वारा भी सभी उपरोक्त सफल निविदाकारों को दी गयी।

ई–निविदा सह ई–नीलामी के द्वितीय चरण (ई–नीलामी) में प्रतिभाग करने हेतु पूर्व निर्धारित तिथि 08.06.2018 सांय 05:00 बजे तक निम्नलिखित बोलीदाताओं द्वारा https://eauction.gov.in के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन प्रपत्र एवं वांछित आवश्यक अभिलेख अपलोड कर प्रस्तुत किये गये :–

**तालिका – 2**

| क0सं0 | आवेदक का नाम/निवासी | यूनिक आई/बिडर आई0डी0 | आवेदक की वित्तीय बोली |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कवलजीत सिंह कॉन्ट्रेक्टर | M180102125755307 | 1,65,000 टन |
| 2. | श्रीमती प्रिया अग्रवाल | M1801021311045460 | 1,65,000 टन |
| 3. | श्री अजीत सिंह | M171219145919560 | 1,65,000 टन |

उपरोक्त तालिका–2 में वर्णित सभी **03 इच्छुक** बोलीदाताओं के आमंत्रण प्रपत्र तथा उसके साथ संलग्नवांछित अभिलेखों का परीक्षण/मूल्यांकन करने के उपरान्त समिति की संस्तुति के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त उपरोक्त तालिका–2 में वर्णित बोलीदाताओं को ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रण प्रपत्र में वर्णित 09.05.2018 सांय 05:00 पर ऑनलाईन नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की गयी।

ई नीलामी (द्वितीय चरण) में प्रतिभाग करने हेतु अनुमत किये गये निविदाकारों/बोलीदाताओं द्वारा दिनांक 14 जून, 2018 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक पूर्व निर्धारित समयान्तर्गत ई–नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग किया गया, जिसके eauction.uk.gov.in software के द्वारा ऑनलाइन परिणाम निम्नानुसार प्राप्त हुए हैं :–

| क0सं0 | बिडर मास्क्ड आई.डी. | उच्चतम बिड सबमिट करने की तिथि एवं समय | बिडर वैल्यू रू. |
|---|---|---|---|
| 1. | 20181387610996 | 14 जून, 2018 01:07 अपराह्न बजे | 21388125.00 |
| 2. | 20181387611493 | 14 जून, 2018 02:05 अपराह्न बजे | 28190250.00 |
| 3. | 20181387613309 | 14 जून, 2018 02:03 अपराह्न बजे | 27699375.00 |

प्रतिभागी निविदाकारों/बोलीदाताओं की संख्या तीन प्राप्त हुई है, जिनके द्वारा बोली गई उच्चतम बोली उपरोक्त तालिका में वर्णित है।

कार्यालय ज्ञाप संख्या **239**/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18 दिनांक 15 जून, 2018 के द्वारा ई–ऑक्शन सॉफ्टवेयर पर अपलोड की गई। जिसके उपरान्त ई–ऑक्शन सॉफ्टवेयर के द्वारा प्रतिभागी निविदाकारों/बोलीदाताओं की माक्स्ड आई. डी. हटाते हुए निम्नानुसार परिणाम प्राप्त हुए हैं :–

| **क्र0 सं0** | **ई–ऑक्शन सॉफ्टवेयर में बिडर मास्क्ड आई.डी./नाम (विभागीय वेबसाइट द्वारा निर्गत पंजीकरण संख्या )** | **उच्चतम बिड सबमिट करने की तिथि एवं समय** | **बिडर वैल्यू रू.** | **उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत नियम 27ग उपनियम द्वितीय चरण 05 के द्वारा** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 20181387611493/KAWALJEET SINGH CONTRACTOR (M180102125755307) | 14 जून, 2018 02:05 अपराह्न बजे | 28190250.00 | **H1** |
| 2. | 20181387613309/Ajeet Singh (M171219145919560) | 14 जून, 2018 02:03 अपराह्न बजे | 27699375.00 | **H2** |
| 3. | 20181387610996/priya agarwal (m180102131045460) | 14 जून, 2018 01:07 अपराह्न बजे | 21388125.00 | **H3** |

ई–ऑक्शन सॉफ्टवेयर से प्राप्त परिणामों के आधार पर प्रतिभागी निविदाकारों/बोलीदाताओं को उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत नियम 27 ग उपनियम द्वितीय चरण 3 के द्वारा उपरोक्त वर्णित तालिकानुसार प्रतिभागी निविदाकार/बोलीदाताओं को उनके द्वारा दर्ज अंतिम उच्चतम बोली के आधार पर क्रमशः H1,H2,H3 घोषित किया जाता है।

श्री कवलजीत सिंह कॉन्ट्रेक्टर (पंजीकरण संख्या – M180102125755307) को जनपद उधमसिंहनगर की तहसील किच्छा के ग्राम लॉट नं0 2–कोटखर्रा शान्तिपुरी नं0 4/गौला नदी, **क्षेत्रफल 5.00 हैक्टेयर** उपखनिज क्षेत्र से कुल 1,65,000 टन उपखनिज निकासी हेतु कुल धनराशि रू0 2,81,90,250.00 **(रू0 दो करोड इक्यासी लाख नब्बे हजार दो सौ पचास मात्र)** के आधार पर ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन हेतु एतदद्वारा H1 घोषित किया जाता है। आपसे, उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के नियम 28 (क) उपनियम 1 के अनुसार, अपेक्षित है कि उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत नियमान्तर्गत तीन दिन के अंतर्गत आपके द्वारा बोली गई अधिकतम उच्चतम बोली का दस प्रतिशत धनराशि अर्थात् रू0 28,19,025.00 (रू0 अठायीस लाख उन्नीस हजार पच्चीस मात्र) विभागीय लेखा शीर्षक– 0853 अलौह खनन धातु कर्म उद्योग–00, 102–खनिज रियायत शुल्क और स्वत्व शुल्क 01–00 में ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा कराते हुए तत्काल ट्रेजरी चालान की प्रति एवं विभागीय वेबसाइट में पंजीकरण के दौरान प्रेषित समस्त अभिलेखों की मूल प्रतियों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें, उसके उपरान्त ही आपको सफल बोलीदाता माना जायेगा।

श्री कवलजीत सिंह कॉन्ट्रेक्टर (पंजीकरण संख्या – M180102125755307) को उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के नियम 28 (ख) उपनियम (3) के अनुसार सात कार्यदिवसों के अंतर्गत दस प्रतिशत धनराशि अर्थात् रू0 28,19,025.00 (रू0 अठायीस लाख उन्नीस हजार पच्चीस मात्र) निर्धारित विभागीय लेखा शीर्षक– 0853 अलौह खनन धातु कर्म उद्योग–00, 102–खनिज रियायत शुल्क और स्वत्व शुल्क 01–00 में जमा करानी होगी, उक्त धनराशि जमा कराये जाने के उपरान्त आपको प्रोस्पेटिव पट्टाधारक माना जायेगा। प्रोस्पेक्टिव पट्टाधारक के पक्ष में आशय पत्र जारी किये जाने की अग्रेत्तर कार्यवाही संपन्न की जायेगी।

श्री कवलजीत सिंह कॉन्ट्रेक्टर (पंजीकरण संख्या – M180102125755307) से अपेक्षित है कि उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत नियमों एवं जनपद उधमसिंहनगर की तहसील किच्छा के ग्राम लॉट नं0 2–कोटखर्रा शान्तिपुरी नं0 4/गौला नदी, **क्षेत्रफल 5.00 हैक्टेयर** उपखनिज क्षेत्र के ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रक्रिया हेतु जारी निविदा प्रपत्र में वर्णित विभिन्न शर्तों अनुदेशों के अधीन समस्त कार्यवाही निर्धारित समयान्तर्गत संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

निदेशक